साहस सच दिखाने का
भारत दर्शन
सबसे तेज-सबसे अलग खबरें, अब एक क्लिक पर
www.bharatdarshannews.com

संस्थापक :
कर्मयोगी श्री मुखी भीमसेन प्रभाकर



# FARIDABAD

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के खिलाड़ियों ने किक बॉक्सिंग में दिखाया दम

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Monday,14 March , 2022)

Ballabgarh News, 13 March 2022 (bharatdarshannews.com) : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज किक बॉक्सिंग "महिला पुरुष" चैंपियनशिप का आयोजन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कंपलेक्स मे 9-11 मार्च 2022 तक हुआ। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न भार श्रेणियों में हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में नेहा एम.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा ने 60 किलो ग्राम भार में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पायल एम.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा ने 55 किलो ग्राम भार में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रेखा ने एम.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा ने 50 किलो ग्राम भार रजत पदक प्राप्त किया। हेमलता बी.बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा ने -50 किलो ग्राम भार में कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग धनंजय के बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र ने 57 किलो ग्राम भार में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में नेहा और पायल का सिलेक्शन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए किया गया। जिसका आयोजन वीर बहादुर यूनिवर्सिटी, जौनपुर, उत्तर प्रदेश में होगा। प्राचार्य जी ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में इस तरह जीतने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी, उपप्राचार्य मैडम कमल टंडन खेलकूद संयोजक के.एल कौशिक, डॉ. पूनम आनंद, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. सारिका, श्री मनमोहन सिंगला व शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता डॉ. जगबीर सिंह व मोहित हुड्डा, कोच अजय, अंजु रानी व महाविद्यालय के अन्य प्रवक्ता गण उपस्थित रहे।